दिनांक 3 नवंबर 2020

स्वच्छ और सुंदर भिलाई

गोधन से बने उत्पादों का सज रहा बाजार , एसएसजी की महिलाएं गोधन से निर्मित प्रोडक्ट की बिक्री के लिए तैयार

भिलाई नगर/ स्व सहायता समूह की महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ते हुए गोधन योजना के तहत बने हुए दीया, प्रतिमा पूजा की थाल, सीनरी एवं मूर्तियों की वजह से अपने हुनर को लेकर सुर्खियां बटोरी रही है! त्योहारी सीजन को देखते हुए अब यह प्रोडक्ट विक्रय के लिए तैयार हो गया है! जिन्हें महिलाएं स्टॉल लगाकर विक्रय कर रही है! कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा प्रदत निर्देश के तहत निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं! इसी अनुक्रम में महिलाएं निगम मुख्य कार्यालय, भेलवा तालाब, पावर हाउस बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थानों पर स्टॉल लगाकर विक्रय करना शुरू कर दिया है! जिन्हें अच्छा रिस्पांस मिल रहा है! इसके अतिरिक्त पावर हाउस आईटीआई के समीप स्थित गोबर खरीदी केंद्र एवं भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित गोबर खरीदी केंद्र में पहुंचकर भी सीधे क्रय किया जा रहा है ! रंगों के संयोजन से बने हुए सुंदर एवं मनमोहक पूजा की थाल विशेष तौर पर दीपावली के त्यौहार को देखते हुए तैयार की गई है , जिसमें दीया के साथ ही श्री गणेश एवं लक्ष्मी जी की प्रतिमा भी है! निगम के शिवाजी नगर जोन , नेहरू नगर जोन के अलावा मदर टैरेसा नगर के बैकुंठ धाम स्थित गोबर खरीदी केंद्र में भी दीया तैयार किया जा रहा है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं बहुत सारे पूजा की थाल का ऑर्डर दे चुके है , उन्होंने महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जमकर तारीफ भी की है! चायनीस उत्पादों के विकल्प के रूप में उभरे गोधन के उत्पादों की मांग बढ़ती जा रही है जिसको देखते हुए महिलाओं ने दो लाख दीया तैयार कर लिया है! कई सारे आर्डर पूर्व से आए हुए हैं जिनके मांग अनुरूप पूर्ति किया जा रहा है! दीया एवं अन्य उत्पादों की खरीदी के लिए सत्यमेव की भारती पखाले मोबाइल नंबर 7869116172 एवं सुलोचना धनकर मोबाइल नंबर 9301398094 पर भी संपर्क किया जा सकता है!

जनसंपर्क अधिकारी